तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 5 नवंबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 प्रतिभावान बच्चे व किसानों का सम्मान सांस्कृतिक...

12 कांग्रेसियों ने बलरामपुर की घटना को लेकर...


NEW HOLLAND अब आपके और भी नजदीक में न्यू हालैण्ड डीलर चारामा SWASTIK AGRO
6 YEARS WARRANTY

भव्य ॥ शुभारंभ ॥
स्वास्तिक एग्रो
पेट्रोल पंप के बाजू, धमतरी रोड, चारामा माहुद
हर्षित अग्रवाल 8319216030, आयुष अग्रवाल 8109711532
सर्वाधिक PTO एवं खींचने की क्षमता
HP हाइड्रॉलिक लिफ्टिंग क्षमता - 1500 Kg
श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph
श्रेणी में सर्वाधिक रोड स्पीड 33.06 kmph

## खबर संक्षेप



### तुलसी मानस प्रतिष्ठान समिति का किया गठन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल मुख्यालय के बाजारपारा के बाजार मंडी में तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई के समस्त मंडलियों के संचालक गणो की उपस्थिति में तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई के गठन किया गया सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्यामलाल दुग्गा, उपाध्यक्ष युवराज पटेल, राजू नायक, जगदेव राम पांडे, सचिव किशोर जैन, सहसचिव संतराम चुरेंद्र, कोषाध्यक्ष भगवानीराम सिंहा को बनाया गया, इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य शांति कचलाम, रामगोपाल साहू, मधु मानिकपुरी, कृष्णाराम नागवंशी, धनराज टांडिया, तुलसी ठाकुर, विष्णु तेता, राकेश ताराम, तामेश्वर पटेल, अखिलेश बघेल, गैंद सिंह ठाकुर को बनाए गया।

### खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर किसानों ने विधायक से लगाई गुहार



**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी, मानिकपुर और झलियामारी के किसान नए धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग को लेकर विधायक आशाराम नेताम से गुहार लगाया। विधायक से किसानों ने अपनी समस्याओं को अवगत कराते हुए बताया कि बुदेली खरीदी केंद्र में किसानों को धान बेचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जल्द ही उचित कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर जनपद सदस्य देवली गावड़े, ग्राम पंचायत सरपंच आनंद वटी, पूर्व सरपंच नरेश कोराम, उप सरपंच लाछूराम सलाम, भानु नेताम, सुखलाल टेकाम, बंशी टेकाम और शंकर नेताम व अन्य किसान उपस्थित रहे।

### राज्योत्सव का आयोजन आज नरहरदेव मैदान में

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार 5 नवम्बर को एक दिवसीय राज्योत्सव 2024 का आयोजन शासकीय नरहरदेव विद्यालय मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग, विशिष्ट अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम, अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला और नगरपालिका की अध्यक्ष सरोज ठाकुर रहेंगी। अलावा शाम 6 बजे से स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही म्युजिकल ग्रुप कांकेर, अकॉर्डियन वादन रायपुर सहित अन्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

### रतेसरा में देवउठनी पर्व पर होगी राज्य स्तरीय डांस स्पर्धा

**चारामा।** विकासखण्ड चारामा अंतर्गत ग्राम रतेसरा में देवउठनी पर्व के अवसर पर राज्य स्तरीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शांति युवा मंडल बड़ेपारा रतेसरा के तत्वाधान में आयोजित यह प्रतियोगिता 12 नवंबर मंगलवार को बड़े उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इस आयोजन में प्रदेशभर से कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

## निकाय चुनाव की तैयारी : नवंबर के आखिरी में होगा सूची का अंतिम प्रकाशन

# आरक्षण का इंतजार, आचार संहिता को लेकर भी अटकलें हो गईं तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ओबीसी सर्वे की रिपोर्ट पर लगी मुहर

ओबीसी सर्वे की रिपोर्ट पर कैबिनेट बैठक में मुहर लग गई है। इसके बाद से राज्य शासन द्वारा अब आरक्षण की प्रक्रिया को लेकर तैयारी शुरू कर दिया है। नगरी निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता की अटकलें भी तेज हो गई है। बहरहाल राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली की अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ा दी गई है। पहले आयोग द्वारा 22 नवंबर अंतिम प्रकाशन तय की गई थी, लेकिन इसमें 5 दिन का इजाफा करते हुए 27 नवंबर कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि नगरीय चुनाव के लिए दिसंबर के पहले सप्ताह के बाद आचार संहिता लग सकती है। उल्लेखनीय है कि राज्य पिछड़ा विकास प्राधिकरण द्वारा सितंबर माह में ही सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया था। इस सर्वे के बाद माना जा रहा था कि जल्द ही आरक्षण की प्रक्रिया में पूरी कर ली जाएगी, क्योंकि आरक्षण के कार्य निपटने के बाद आचार संहिता के लगने के आसार हैं, लेकिन वर्तमान में राज्य शासन विधानसभा के उप चुनाव में व्यस्त हैं। इधर ऐसी जानकारी मिली है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के नामावली के अंतिम प्रकाशन की तिथि बढ़ा दी है। अफसर की माने तो प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से मांग की गई थी, इस दौरान कई जिलों से नाम जोड़ने के बाद त्रुटि सामने आई थी, जिसे सुधारने राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 22 से 27 नवंबर तक तिथि बढ़ा दी गई है। इसके अलावा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव को एक साथ करने की भी खूब चर्चा हो रही थी, लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर निर्वाचन नामावली की प्रारंभिक प्रकाशन जारी कर दिया गया है, वही अंतिम प्रकाशन की तिथि भी तय हो गई है। उसके बाद माना जा रहा है कि निकाय और पंचायत चुनाव आगे पीछे होंगे। खैर इन तमाम बिंदुओं पर अंतिम फैसला राज्य शासन द्वारा ही लिया जाएगा।




### बैलेट पेपर से होंगे चुनाव, तैयारी शुरू

जिला निर्वाचन कार्यालय ने बैलेट पेपर प्रिंटिंग के लिए निविदा आमंत्रित की है, जो राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा की जा रही है। निविदा खुल चुकी है, जिससे नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईवीएम के उपयोग की चर्चाएं अब थम जाएंगी। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के गोदाम में मतपेटियों की सफाई और मरम्मत का कार्य भी चल रहा है, जिससे चुनाव के लिए उपयोग में लाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि पहले भाजपा शासनकाल में नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम के माध्यम से हुए थे, लेकिन जब से कांग्रेस की सरकार आई, तब से बैलेट पेपर से चुनाव कराने का निर्णय लिया गया था।

### प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष को लेकर संशय

छत्तीसगढ़ में विधानसभा और लोकसभा चुनावों के बाद इस साल नगरीय निकायों के भी चुनाव होने हैं। इसमें चुनाव के सिस्टम को लेकर चर्चा ज्यादा है कि प्रत्यक्ष होंगे या अप्रत्यक्ष। यानी मतदाता सीधे अपना मेयर या अध्यक्ष चुनेंगे या फिर चुने गए पार्षद, मेयर और अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। दरअसल राज्य बनने के बाद से मेयर और नगर पालिका अध्यक्ष के लिए प्रत्यक्ष चुनाव ही हुए हैं, लेकिन साल 2019 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद चुनाव प्रक्रिया में बदलाव किया गया। तत्कालीन भूपेश सरकार ने नगरीय निकाय का पिछला चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से कराया। पार्षदों की संख्या बल पर सभी नगर निगमों में कांग्रेस के ही मेयर चुने गए। बहरहाल इसे लेकर भी राज्य शासन द्वारा अभी तक स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है।


## मोटर सायकल चालक ने सामने जा रही बाइक को मारी टक्कर, दो हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- दंपती को आईं चोटें
- पत्नी गंभीर हायर सेंटर रिफर

बाजार में खरीदी करने गाँव से पहुँचे पति व पत्नी सवार बाइक को पीछे से मोटर सायकल चालक ने टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। टक्कर से पति व पत्नी घायल हो गए। पत्नी को ज्यादा चोट आई, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने हायर सेंटर रिफर कर दिया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे कोडेजुंगा निवासी 60 वर्षीय भागीरती पटेल पिता स्व.छेरकू राम पटेल ने पुलिस को बताया कि अपनी पत्नि कमला बाई पटेल के साथ 3 नवंबर को साप्ताहिक बाजार कांकेर खरीदारी करने आया था। खरीदारी करने के बाद अपने हिरो डिस्टिनी क्रमाक सीजी 19 बीजे 9946 में अपने पत्नी को पीछे बैठाकर अपने घर ग्राम कोडेजुंगा जा रहा था। शाम करीबन 5 बजे बाइपास रोड ईमलीपारा के पास पहुँचा था कि पीछे की ओर से आ रही मोटर सायकल क्रमाक सीजी 05 बी 3193 का चालक अपने



वाहन को तेज लापरवाहीपूर्वक चलाकर पीछे से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे हम लोग रोड मे गिर गए। रोड में गिरने से उसकी पत्नी रोड से दूर फेंका गई। एक्सीडेन्ट से उनके बाएं पैर मे हल्की चोट आई है। पत्नी कमला बाई को दाहिने हाथ, सिर में चोटें आईं है जिसे ईलाज के लिए शासकीय कोमलदेव अस्पताल कांकेर में लाये थे। चिकित्सक द्वारा प्राथमिक ईलाज करने के उपरांत हायर सेंटर रिफर कर दिया। मोटर सायकल क्रमाक सीजी 05 बी 3193 का चालक द्वारा अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उतावलेपन से चलाकर पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से से मुझे एवं मेरी पत्नि को चोट आया है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 123 (अ), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जमीन विवाद, बड़े ने छोटे भाई और मां के साथ किया मारपीट

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम सारवंडी में जमीन की बात को लेकर मां के साथ कलयुगी बेटे ने विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए डण्डा से मारपीट किया। माँ ने कलयुगी बेटे से परेशान होकर थाना की शरण में पहुंची। कलेजे से लगाने वाले बेटे के खिलाफ अपराध दर्ज करवाने के लिए मजबूर हुई। सारवंडी निवासी 50 वर्षीय देव बाई सोनपीपरे पति स्व. मधुसुदन पीपरे ने पुलिस को बताया कि मेरे दो बेटे हैं, दोनों की शादी हो गई है। दोनों बेटे अलग अलग रहते है। दीपावली त्यौहार में वह अपने छोटे बेटे के घर में 2 नवंबर को दोपहर 1 बजे गई थी। छोटे बेटे प्रतिज्ञा एवं बहू आशा के साथ खाना खाकर घर के बाहर गली में बैठे थे। तभी मेरा बड़ा बेटा प्रदीप सोनपीपरे अपने घर से जोर-जोर से गाली देते हुए आया और मेरे पास आकर घर और जमीन के बंटवारे की बात को लेकर वाद विवाद करने लगा। तब मेरा छोटा बेटा और बहू आकर कहा कि क्या हो गया। मैंने बताया कि घर और जमीन के बंटवारे की बात को लेकर बड़ा बेटा उनके साथ विवाद करने लगा। आरोपी बड़ा बेटा प्रदीप बोलने लगा कि अपने घर में भी रहूंगा और प्रतिज्ञा के हिस्सा के घर को भी मुझे दे दो। आरोपी ने आवेश में आकर प्रतिज्ञा को हाथ मुक्का से मारपीट किया और वहीं पास में पड़े लकड़ी के डण्डा से जोरदार हमला कर दिया। विवाद को बढ़ता देख, विवाद को शांत करने के लिए माँ गई, परंतु कलयुगी बेटेने मेरे को जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी के डंडा से मारपीट किया, जिससे मेरे बांए हाथ के अंगुलियों में चोट आया व खून निकलने लगा। माँ की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कलयुगी बेटे के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



- मां की शिकायत पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

## रंजिश को लेकर कराठी के मुर्गा बाजार में मारपीट अपराध किया गया दर्ज

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर के दो युवकों के मध्य कराठी के मुर्गा बाजार में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद करने वाले युवक ने शिकायतकर्ता के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे कर्मचारी कालोनी निवासी 40 वर्षीय प्रहलाद कुमार लोहले पिता स्व. नारायण सिंह लोहले ने पुलिस को बताया कि वह रोजी मजदूरी का काम करता है। 3 नवंबर को कराठी मुर्गा बाजार गया था। मुर्गा बाजार में दोपहर को 3 बजे के आसपास राजू कुलदीप निवासी बाजारपारा भानुप्रतापपुर ने मेरे पास आकर पुरानी बातों को लेकर रंजिशवश मुझे गाली देते हुए जान से मार देने का धमकी दी। हाथ मुक्का एवं लात से मुझे मारपीट करने लगा। मारपीट से मेरी बाई आंख के बगल, दाहिना पेट में चोट लगा है। मारपीट के दौरान बाजारपारा के उपस्थित लोगों ने बीच बचाव किया। बीच बचाव नहीं करते, तो हमारे साथ बड़ी अनहोनी हो सकती थी। कायतकर्ता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2) 296, 35 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



## बागेश्वर धाम के बाबा को देखने लाइन में लगा, जेब में रखे 1 लाख चोर ले उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सड़क ब्लाक के दौरान रोका गया था

ठेकेदारी का भुगतान करने के लिए 1 लाख रुपए लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने रोका कि बागेश्वर धाम के बाबा आ रहे है, उनके जाने के बाद जाना। लोग दर्शन के लिए लाइन में खड़े थे, वह भी खड़ा हो गया। बाबा के जाने के बाद मैं वहाँ से निकला और जेब में देखा कि जो एक लाख रुपए थे, किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। मैंने इधर उधर पतासाजी किया, परंतु कुछ भी नहीं पता चला। घटना की जानकारी कांकेर थाना में दिया और अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। बाबा के आगमन को लेकर पुलिस ने सड़क ब्लाक की थी, जिससे मजबूरी में उसे भी रूकना पड़ा था। तब उसने सोचा दर्शन कर लूं और लाइन में लग गया था।

थाना में शिकायत करने पहुंचे ईमलीपारा कांकेर निवासी 36 वर्षीय गोलू ठाकुर पिता चंद्रभान ठाकुर ने पुलिस को बताया कि ठेकेदारी का काम करता हूँ। 3 नवंबर को अपने पेंट के जेब में करीबन 1 लाख रुपए लेकर सामान का पेमेंट करने जा रहा था। गोकुल धाम के पास पुलिस स्टाप के द्वारा रोका गया और बताया गया कि बागेश्वर धाम महाराज का आगमन होना है, आगे नहीं जा सकते। ऐसा बताने पर मैं वहीं पास वैष्णदेवी मंदिर जाने वाली गली में रूक गया। शाम करीबन सवा 4 बजे श्री बागेश्वर धाम महाराज के आगमन होने से मैं भी महाराज का आर्शीवाद लेने के लिए लाइन में खड़ा था। उनके पास जा रहा था, वहां पर काफी भीड़भाड़ होने से मौके का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने मेरे पेंट के जेब में रखे करीबन 1 लाख रुपए को चोरी लिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




### चोरों के बाहर से आने की संभावना

विदित हो कि कांकेर में किसी वीआईपी का आना होता है, उस समय इस तरह के जेबकतरे सक्रिय हो जाते है और कई लोगों की जेब कट जाती है। जेब में जिसके रकम ज्यादा होता है, वो थाने में शिकायत कर देता है, परंतु जिसकी जेब या पर्स में रकम 4 से 5 हजार होती है, वो शर्म के मारे अपराध दर्ज नहीं कराता है। भीड़ में हाथ साफ करने वाले चोर वीआईपी कार्यक्रम में बाहर से आते है।

## छठ महापर्व में छठी माता और सूर्यदेव की होती है पूजा


# घाटों की साफ-सफाई हुई पूरी, छठ महापर्व आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- व्रती महिलाएं पूजन सामग्री व अन्य सामानों की खरीदारी में जुटीं

छठ पर्व की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महिलाएं पूजा में लगने वाले सामान की खरीद में जुट गई हैं। जलाशयों के साथ नदियों के किनारे घाटों पर वेदी बनाने का काम शुरू हो गया है।

छठ महापर्व के लिए नगर पालिका ने शहर के डढ़िया तालाब और कंकालिन मंदिर के घाटों की साफ-सफाई पूरी कर ली गई हैं। छठ महापर्व शहर के डढ़िया तालाब और कंकालिन मंदिर के तट पर मनाया जाता है। नगरपालिका की टीम ने पहले से ही सफाई अभियान चलाकर सफाई करवाया है। छठ महापर्व षष्ठी तिथि को मनाया जाने वाला पर्व है, जो बेहद कठिन है। यह पर्व नियम संयम और तपस्या का पर्व है जो चारों दिनों तक चलता है, लेकिन इसकी तैयारी हफ्ते पहले से ही शुरू हो जाती है। इस साल यह पर्व आज 5 नवंबर से शुरू हो रहा है और 8 नवंबर तक चलेगा। छठ महापर्व की तैयारी को लेकर शहर के डढ़िया तालाब और कंकालिन मंदिर के घाटों की साफ-सफाई पूरी कर ली गई है। इस पर्व पर कांकेर में डढ़िया तालाब और कंकालिन मंदिर के तट पर मनाया जाता है। दूसरे दिन 6 नवंबर को व्रती दिन भर निर्जला उपवास रखते हैं। शाम को पूजा के बाद प्रसाद के रूप में खीर, रोटी और फल खाए जाते हैं। तीसरे दिन 7 नवंबर को व्रती सूर्यास्त के समय तालाब के किनारे जाकर सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। यह छठ पूजा का सबसे महत्वपूर्ण दिन होता है और चौथे दिन 8 नवंबर को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, जिसके बाद व्रती अपना व्रत तोड़ते हैं और प्रसाद वितरण करते हैं। मान्यता है कि छठी माता की पूजा करने से धन-धान्य की प्राप्ति होती है और संतानों की रक्षा करती हैं, जो दंपत्ति अपने जीवन में संतान सुख की प्राप्ति चाहते हैं, उनके लिए छठ पूजा अत्यंत आवश्यक माना गया है। छठ पर्व मुख्य रूप से षष्ठी तिथि को किया जाता है। इस त्यौहार में छठी माता और सूर्यदेव की पूजा-अर्चना की जाती है। छठ पूजा के दौरान, पुरुष और महिला दोनों ही अपने बच्चों के स्वास्थ्य, खुशी और लंबी उम्र के लिए पूरे 36 घंटे का निर्जल व्रत रखते हैं।



## 4 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**कांकेर।** बांदे पुलिस ने सालिक राम दुग्गा के घर के सामने वाली जंगल पीव्ही 75 भवानीपुर में जुआ खेल रहे जुआरी पीव्ही 75 भवानीपुर निवासी 55 रतन सिकदार पिता भुवनेश्वर सिकदार उम्र 55 वर्ष, अशोक मंडल पिता सनातन मंडल उम्र 30 वर्ष, मिहिर मंडल पिता सनातन मंडल उम्र 39 वर्ष और पीव्ही 74 गौरीशंकर नगर निवासी गोविन्द तरफदार पिता निताई तरफदार उम्र 30 वर्ष को पुलिस ने पकड़ लिया है। जुआरियों के पास से कुल 2250 रकम जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### महामहिम राज्यपाल रामेन डेका से छात्र नेताओं ने किया मुलाकात

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रामेन डेका गोवर्धन पूजा के दिन पूरे परिवार के साथ धमतरी आए थे। इस अवसर पर एबीवीपी के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व प्रदेश मंत्री शुभम जायसवाल ने महामहिम राज्यपाल से भेंट कर उनको राधा कृष्ण की चांदी की छायाचित्र भेंट कर उनका धमतरी के पावन भूमि में स्वागत करते हुए धमतरी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। महामहिम राज्यपाल को दिवाली की शुभकामनाएं देने के साथ ही धमतरी के प्रसिद्ध गोवर्धन पूजा के बारे में जानकारी भी छात्रों ने दिया। शुभम जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर भी राज्यपाल रामेन डेका से चर्चा की। इस मौके पर छात्र सुभाष यादव भी मौजूद थे।

### मरादेव-गंगरेल के 82 ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन तथा जिला संगठक निरंजन कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भीखमचंद साहू, आकांक्षा मरकाम के मार्गदर्शन में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर मरादेव तथा गंगरेल में आयोजित किया जिसकी थीम यूथ फार माय भारत रही। शिविर की शुरुआत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर से की गई। ग्राम मरादेव से 56 व गंगरेल से 26 ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# पर्यटन क्षेत्र कुटुमसर के ग्रामीणों ने मांगा अपना प्राकृतिक न्याय और अधिकार

## मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दरभा

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अपने मनोरम दृश्यों के लिए विश्व विख्यात है। इस घाटी क्षेत्र में विश्व विख्यात कुटुमसर गुफा स्थित है जिसे मानसून सत्र के पश्चात एक नवंबर से पर्यटकों के लिए खोल दिया जाता है। परन्तु इस बार ग्रामीणों के प्राकृतिक न्याय अधिकार के मांग के चलते अभी तक इसे पर्यटकों के लिए नहीं खोला जा सका है। दरअसल कुटुमसर के स्थानीय ग्रामीण विशेष कर महिलाये चाहती है की पर्यटक काउंटर कुटुमसर गांव में होना चाहिए, जिससे पर्यटकों को यहां अधिक समय तक रुकने का अवसर मिलता है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों का स्थानीय उत्पाद पर्यटको को विक्रय किया जाता है। साथ साथ स्थानीय संस्कृति औऱ कला का पर्दशन भी होता है, जिससे लोंगो को आय अर्जित होती है। गत वर्ष भी पर्यटक काउंटर यही से संचालित हुई थी। जिसका ग्रामीणों ने सकरात्मक अनुभव बताया है। ग्रामीणों ने कहा है की कुटुमसर गुफा हमारे गांव में है स्वाभाविक तौर पर इसका लाभ हमें मिलना चाहिए, हमने वर्षो से गुफा का संरक्षण किया है।

### विधायक से मिलेंगे आंदोलनकारी

यह प्राकृतिक न्याय सिद्धांत के अनुरूप है, परन्तु इस वर्ष प्रशासन ने मन बना लिया है की पर्यटक काउंटर कुटुमसर बेरियर एनएच 30 पर होगा जिसका ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया है। जिसके चलते कुटुमसर गुफा की ओर जाने वाले रास्ते पर धरना पर्दशन जारी है। इस कारण से कुटुमसर गुफा पर्यटको के लिए खोला नहीं जा सका है। वन प्रशासन ग्रामीणों को समझाइश तो दे रहा है परन्तु सीधे टकराव की स्थिति में नहीं है। इस बीच पुलिस प्रशासन ने भी ग्रामीणों को समझाइश देने का प्रयास किया है परन्तु स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस बीच सारा ध्यान रायपुर प्रवास में चल रहे क्षेत्रीय विधायक किरण देव सिंह के रुख पर केंद्रित है, जिनका 5 या 6 नवंबर को जगदलपुर मुख्यालय पहुँचने की संभवना है। ग्रामीणों ने उनसे मिलने का मन बनाया है। इस बीच किसी प्रकार का अप्रिय घटना न घटे इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। ग्रामीणों के विरोध मे जिप्सी मालिकों का एक धड़ा सक्रिय है जिसने आक्रमक रुख अख्तियार किया है।



### नजर रख रही पुलिस

दरभा पुलिस फूंक-फूंककर कदम रख रही है और नजर रख रही है। ताकि कोई अप्रिय स्थिति निर्मित न हो। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है की कुटुमसर क्षेत्र पूर्णतया जनजाति क्षेत्र है ऐसे मे स्थिति काफ़ी सवेंदनशील हो गई है। शासन प्रशासन इस विषय मे काफ़ी चौकन्ना और सतर्क है।

# सिविल सर्जन के फर्जी हस्ताक्षर कर डीएमएफ की राशि में 6 लाख का चूना

फर्म को किया गया भुगतान वापस अस्पताल प्रबंधन को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

- एफआईआर कराने की तैयारी में अफसर

जिला अस्पताल की कारगुजारियां थमने का नाम नहीं ले रही कि इसी बीच एक और कारनामा अस्पताल प्रबंधन की सुर्खियां बटोरने लगी है। ताजा मामला जिला अस्पताल कार्यालय के बाबू सहायक ग्रेड 2 का है, जिसने फर्जीवाड़े को अंजाम देते हुए डीएमएफ और सीएसआर के चेक को फर्जी तरीके से इस्तेमाल किया। लिपिक ने तत्कालीन सिविल सर्जन कपिल कश्यप के फर्जी हस्ताक्षर से दो फर्मों को लगभग 6 लाख रूपए की राशि चेक के माध्यम से भुगतान कराया। इसकी खबर जब सिविल सर्जन आरएल गंगेश को लगी तो आनन-फानन में शाखा प्रबंधक को पत्र लिखकर होल्ड करने की बात कही। वहीं मामला उलझता देख बाबू ने अपनी गलती स्वीकारते हुए बैंक प्रबंधन को यह लिखकर आवेदन दिया कि संबंधित चेक के भुगतान की जिम्मेदारी पूर्णतः मेरी होगी चूंकि यह चेक मेरे द्वारा लाया गया है।




### 21 अगस्त को कपिल कश्यप हुए रिलीव

तत्कालीन सीएस कपिल कश्यप का तबादला सुकमा हो गया है, जो 21 अगस्त को रिलीव हो गए लेकिन 28 अगस्त को इनके हस्ताक्षर से पैसे निकाल लिए गए। लगभग दो माह इनके हस्ताक्षर से 6 लाख रुपए निकाले गए। इस संबंध में इनका पक्ष लेने के लिए मोबाइल से सम्पर्क किया गया लेकिन रिसीव नहीं हो सका।

### बाबू निर्वाचन शाखा में संलग्न

डीएमएफ, सीएसआर, एनएचएम जैसे महत्वपूर्ण शाखाओं का कार्यभार बाबू के पास रहा। लोकसभा चुनाव के दौरान इसे निर्वाचन कार्यालय में संलग्न किया गया है। वर्तमान में इसका कार्य मौखिक रूप से एक आपरेटर द्वारा किया जा रहा है, जो इन महत्वपूर्ण शाखाओं के अलावा डीएमएफ मद अन्तर्गत भर्ती किए गए डाक्टरों की तनख्वाह भी इसी के द्वारा बनाया जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह कि उक्त शाखा का चेक बाबू के पास कब और कैसे पहुंचा। यदि चेक के पन्ने पहले से गायब थे तो इसकी भनक आज कैसे लगी।

### क्या है फर्जीवाड़ा

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल के डीएमएफ और सीएसआर मद के चेक पंजी के सात पन्ने गायब थे। 28 अक्टूबर को सहायक ग्रेड-2 शाखा प्रभारी ने तीन चेक भारतीय स्टेट बैंक की शाखा दंतेवाड़ा में दो फर्मों के नाम जमा करवाया जिसमें डीएमएफ का एक और सीएसआर के दो चेक हार्डवेयर और इलेक्ट्रिक दुकान के नाम से लगभग 6 लाख की राशि दो एक लाख निनानबे हजार तथा एक एक लाख संतानबे हजार रुपए शामिल है। इसकी भनक लगते ही सिविल सर्जन आरएल गंगेश ने इस माह की दो तारीख को भारतीय स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक को लिखित आवेदन देकर होल्ड करने की बात कही। जिसके बाद लगभग 6 लाख रुपए की राशि जिला अस्पताल प्रबंधन को वापस प्राप्त हो गया। उक्त राशि के इंतजार में ही जिला अस्पताल प्रबंधन ने एफआईआर दर्ज नहीं करवाई इसकी मौखिक सूचना सिटी कोतवाली को दी गई। सोमवार को सिविल सर्जन गंगेश किसी कारणवश रायपुर गये हुए थे, इसी वजह से सोमवार को एफआईआर नहीं दर्ज की गई।

# बस्तर से 4 दर्जन श्रद्धालु शंकराचार्य से दीक्षा लेने जगन्नाथ पुरी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

- रेलवे स्टेशन में आदित्यवाहनी के कर्मकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर दी विदाई

बस्तर में बढ़ते धर्मांतरण से चिंतित गोवर्धन मठ पुरी के पीठाधीश्वर श्री जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के प्रति बस्तरवासियों में लगातार विश्वास बढ़ता जा रहा है। यही कारण है,आदिवासी बाहुल्य बस्तर के मूल निवासी शंकराचार्य का सानिध्य पाने उनसे दीक्षा ले रहे है। दो दिन पहले बस्तर के विभिन्न गांव से लगभग 55 श्रद्धालु गोवर्धन मठ पूरी के शंकराचार्य से दीक्षा लेने आदित्यवाहनी के प्रदेश पदाधिकारी उदय दुबे के नेतृत्व में हीराखण्ड एक्सप्रेस से पूरी के लिए रवाना हुए। उन्हें विदाई देने आदित्यवाहनी बस्तर संभाग के अध्यक्ष अनिल सामंत समेत भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पाणीग्राही, आदित्यवाहनी के सम्भाग सचिव योगेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अभय दीक्षित, जिला सचिव संतोष बाजपेई, किरण शुक्ला,योगेश मिश्रा,अनिरुद्ध मिश्रा व अन्य कर्मकर्ता रेलवे स्टेशन पहुंच श्रद्धालुओं को फूलमाला पहनाकर जयकारे के साथ विदाई दी।



### शंकराचार्य का उल्लेखनीय योगदान

भाजपा नेता रजनीश पाणीग्राही ने बताया 85 वर्ष के उम्र में भी पूरी पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती सम्पूर्ण विश्व में सनातन धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करने में लगे है।

# पेंशनर डाकघर में बनवा सकेंगे 30 नवंबर तक जीवन प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

- पेंशनरों को घर बैठे भी मिलेगी सुविधा

पेंशन योजना के तहत पेंशन प्राप्त करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए हर साल जीवन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। जीवन प्रमाण पत्र यह साबित करता है कि पेंशनधारी अभी जीवित हैं। जिससे उनकी पेंशन बिना किसी रुकावट के निरंतर जारी रहती है। इसके अभाव में पेंशन वितरण में समस्याएं आ सकती हैं। इसलिए पेंशनर्स के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। कोंडागांव के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के शाखा प्रबंधक प्रीतम कुमार गुप्ता ने बताया कि पेंशनर्स अपने जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए निकटतम पोस्ट ऑफिस जाकर यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि पेंशनर चाहें तो उन्हें घर पर भी जीवन प्रमाण पत्र बनाने की सुविधा दी जा रही है। यह प्रक्रिया पूर्णतः डिजिटल और पेपरलेस है, जिससे इसे आसानी से और जल्दी संपन्न किया जा सकता है।



### घर पर सुविधा के लिए सरल प्रक्रिया

जीवन प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पेंशनर्स को केवल आधार कार्ड और मोबाइल साथ लाना होगा। डाकघर कर्मचारी आवश्यक तकनीकी उपकरणों के साथ घर पर आकर यह प्रमाण पत्र बना सकते हैं। जिससे वृद्ध और असहाय पेंशनर्स को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इस सेवा का लाभ 30 नवंबर तक उठाया जा सकता है।

### ये सुविधा हर वर्ष

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने यह भी बताया कि यह सेवा प्रतिवर्ष दी जाती है। लेकिन इस साल 30 नवंबर तक पेंशनर्स जीवन प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। इस योजना का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को किसी परेशानी के बिना उनके पेंशन की सुविधा प्रदान करना है।

### आधार और मोबाइल नंबर अनिवार्य

*जीवन प्रमाण पत्र की डिजिटल प्रक्रिया में पेंशनर्स का आधार और मोबाइल अनिवार्य रूप से होना चाहिए। ताकि उनकी पहचान और सत्यापन में कोई कठिनाई न हो। डिजिटल प्रक्रिया होने के कारण प्रमाण पत्र के दस्तावेज तुरंत अपडेट हो जाते हैं। जिससे पेंशनर्स की पेंशन समय पर मिलती रहती है।*

# जिला स्तरीय राज्योत्सव मनेगा आज

## केशकाल विधायक टेकाम होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन 5 नवंबर को शाम 6 बजे से विकास नगर स्टेडियम कोण्डागांव में होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल होंगे। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शासन की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकार सुनील तिवारी सहित स्थानीय कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति

### विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और कला का प्रदर्शन भी होगा

जिला स्तरीय एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समारोह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों और स्कूली छात्र–छात्राओं द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम में चिरैया लोकमंच लालजी कोर्राम, छत्तीसगढ़ी लोकरंग सिद्धार्थ महाजन एवं चक्रधर समारोह से सम्मानित रायपुर के कलाकार सुनील तिवारी रंग झांझर के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों की संस्कृति और कला का प्रदर्शन भी होगा।

# कलेक्टर ने विकास नगर स्टेडियम में समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जिला स्तरीय राज्योत्सव के आयोजन के लिए विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान मुख्य मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल, विद्युत व्यवस्था की जानकारी ली। संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार, जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# पिता की पुण्यतिथि पर करवाया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव

प्राथमिक शाला और उच्च प्राथमिक शाला डोंगरीपारा चिपावण्ड में संस्था में पदस्थ शिक्षक रूपेन्द्र कुमार साहू ने अपने पिता प्रभुलाल साहू की प्रथम पुण्यतिथि पर अध्ययनरत 57 बच्चों को मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त खीर–पूरी का न्योता भोज करवाया। न्योता भोज में बच्चों को खीर–पूरी के साथ अन्य विशेष व्यंजन भी शामिल रहे। शिक्षक रूपेंद्र कुमार साहू ने इस अवसर पर अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बच्चों के बीच इस भोज का आयोजन किया। ताकि बच्चों के लिए यह दिन

# महापौर ने गौमाता की पूजा अर्चना कर खिलाई खिचड़ी

**धमतरी।** माता लक्ष्मी जी की पूजा के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा किया जाता है प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महापौर विजय देवांगन ने सुभाष नगर,हटकेशर वार्डवासियों के साथ गोवर्धन पूजा त्योहार को पूरी हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम हटकेशर वार्ड में प्रतिवर्ष निकलने वाली गौरा गौरी के बारात का स्वागत अभिनंदन किया तत्पश्चात सुभाष नगर, हटकेशर वार्ड में गोवर्धन पूजा कर गौमाता को खिचड़ी खिलाया और शहर की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामनाएं की।

महापौर विजय देवांगन ने गौ माता को खिचड़ी खिलाकर कहा कि गाय को हमारी हिन्दू मान्यताओं में बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। गाय को मां का दर्जा दिया गया है। जिस प्रकार एक मां अपनी संतान को हर सुख देना चाहती है, उसी प्रकार गौ माता भी सेवा करने वाले जातकों को अपने कोमल हृदय में स्थान देती हैं और उनकी हर मनोकामना पूरी करती हैं। गौ सेवा करने वाले व्यक्ति के जीवन में कभी कोई संकट नहीं आता ऐसी मान्यता भी है।

# कलेक्टर ने दिलाई सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा

**धमतरी।** सतर्क भारत समृद्ध भारत के तहत जिले में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट में अधिकारी, कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाई।

### // उदघोषणा //

रा.प्र.क्र./ 202410140500027 /अ-2/2023-24
ग्राम कन्हारगाँव, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उ.ब. कांकेर

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका श्री संजय कुमार टाक पिता पूषाराम निवासी ग्राम वार्ड क्रं 05 संबलपुर तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उ.ब. कांकेर द्वारा ग्राम कन्हारगाँव, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उ.ब. कांकेर स्थित भूमि खसरा नंबर 3/111 रकबा 0.0200 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 06/11/2024 तक दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थानः- भानुप्रतापपुर
दिनांकः- 21/10/2024

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापपुर
मुहर जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

# महापौर एवं सभापति ने की माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

नगर पालिक निगम में दीपावली के शुभ अवसर पर गुरूवार को महापौर विजय देवांगन, सभापति अनुराग मसीह, एमआईसी सदस्य राजेश पांडे एवं कर्मचारियों द्वारा माता लक्ष्मी जी का पूजा-अर्चना कर मातारानी से धमतरी वासियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महापौर ने नगरवासियों के शांति,समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विजय देवांगन ने कहा कि दीपावली केवल दीप जलाने का नहीं, बल्कि अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का त्योहार है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस पर्व को मिल-जुलकर मनाएं और समाज में प्रेम एवं भाईचारे का संदेश फैलाएं। महापौर ने सभी से सुरक्षित और खुशहाल दीपावली मनाने की शुभकामनाएं दीं, साथ ही दीप जलाने के साथ पर्यावरण का भी ध्यान रखने की सलाह दी। सभापति अनुराग मसीह ने दीपावली पर्व पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आपस में प्रेम भाईचारा के साथ रहकर दीपावली पर्व को मनाने की अपील की। इस अवसर पर कमल नारायण देवांगन, रामनारायण महेश्वरी, जनार्दन प्रसाद गौतम, चंद्र प्रकाश साहू, धर्मेश देवांगन, रुद्र निकेतन यादव, मुकेश साहू, चूरामणि सिसोदिया, महेंद्र राजपूत, महेंद्र साहू, डगेंद्र किरण, सुरेंद्र गुप्ता, आकाश यादव, योगेश रंगारी, दीपक खिलाड़ी सहित कर्मचारी उपस्थित थे।



Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### राज्योत्सव का आयोजन सिटी ग्राउण्ड में आज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के तहत 5 नवम्बर को एक दिवसीय राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन सिटी ग्राउण्ड जगदलपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक कोण्डागांव सुश्री लता उसेण्डी रहेंगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग केदार कश्यप होंगे। राज्योत्सव कार्यक्रम सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर जगदलपुर श्रीमती सफिरा साहू के आतिथ्य में आयोजित किया जा रहा है। उक्त राज्योत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन साथ-साथ विभागीय स्टाल भी लगाए जा रहें हैं।

## जायजा : कलेक्टर ने देखी तैयारियां, दिए निर्देश

# राज्योत्सव में दिखेगी विकास की झलक आज

हरिभमि न्यूज ▶▶| सुकमा



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम सुकमा में आगामी 5 नवम्बर को जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। राज्योत्सव का आयोजन पूर्ण गरिमा के साथ किया जाएगा। राज्योत्सव में स्थानीय स्कूली बच्चों द्वारा भी शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। राज्योत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जहॉं विकास की झलक दिखेगी। इसके अलावा अन्य संस्थानों द्वारा भी अपने उत्पादों की बिक्री या प्रदर्शन के लिए स्टॉल लगाये जा रहे है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज मिनी स्टेडियम सुकमा पहुंचकर राज्योत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित लगाई जा रही जीवंत विकास प्रदर्शनी के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्टॉल राज्योत्सव के गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग को बच्चों एवं महिलाओं के सुपोषण के लिए पौष्टिक व्यंजनों पर आधारित स्टॉल लगाने कहा । लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यो पर आधारित स्टॉल लगाने के निर्देश दिये जहां जल जीवन मिशन के झलक दिखेगा। जनसंपर्क विभाग की विकास आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। कलेक्टर श्री ध्रुव ने राज्योत्सव सफल, सुव्यवस्थित आयोजन के लिए ज़िला अधिकारियों को दायित्व सौपें है। उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेटिंग, यातायात व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, साफ-सफाई और सजावट आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, सीईओ जनपद पंचायत सुकमा सुश्री मधु तेता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# युवा मोर्चा ने किया कांग्रेस का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



4 नवंबर को भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा दंतेवाड़ा के बस स्टैंड चौक में कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के दामाखेड़ा के कबीर आश्रम में उदित मुनि साहब के ऊपर जानलेवा हमला हुआ है और इस हमले में कांग्रेस की संलिप्तता सामने आ रही है।

हम ध्यान देंगे बलौदाबाजार घटना, सूरजपुर, कवर्धा और अन्य स्थानों पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के शांत वातावरण को अशांत करने का काम किया है , इसी कड़ी में हम सबके आराध्य संत कबीर जी के आश्रम में उदित मुनि पर हमला अत्यंत निंदनीय घटना है। इसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा दंतेवाड़ा के तत्वाधान में हमने कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया है। इस पुतला दहन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर ममता गुप्ता, मुकेश शर्मा, राकेश कुशवाहा, रामु नेताम, पिंटु राम उइके, सत्यनारायण महापात्र, कुणाल ठाकुर, अभिलाष तिवारी, राघवेन्द्र गौतम, अभिषेक राठौर, अरविंद कुंजाम, मोहन ठाकुर, उरदो ,बृजेश, प्रतिक, लक्ष्मी यादव, नंदलाल, अनिश जार्ज, विरेश, हिमांशु, वेणु इत्यादि युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाई दूज पर छलका बहनों का प्रेम



***धमतरी।*** *अंचल में भाईदूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों के आग्रह पर भाई उनके घर पहुंचे। जहां पर बहनों ने भाईयों की आरती तिलक कर मंगल कामना की। कई घरों में भाई और बहन ने उपवास रखा था। आरती तिलक के बाद उन्होंने एक साथ बैठकर भोजन किया और उपवास तोड़ा।*

# 14 शिक्षक पाए गए अनुपस्थित, होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन पर दीपावली पर्व के लंबी छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर सोमवार को बस्तर ब्लॉक के स्कूलों में शैक्षणिक माहौल और अधिक बेहतर बनाने तथा शिक्षकों की हाजिरी सुनिश्चित करने को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकनाथ नाग के द्वारा गठित संकुल समन्वयको की टीम विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया।

टीम द्वारा बस्तर ब्लॉक के नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के संकुल केंद्र मुडांगाव, राजपुर,गुरिया,पाथरी चमिया, बड़े आमाबाल, और छोटे आमाबाल के शालाओं में संकुल समन्वयकों के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें 14 शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। माशा.पाथरी के दो शिक्षक, बोरगुड़ा स्कुल के दो शिक्षक,डोकरीघाट स्कुल के एक शिक्षक, प्राशा. बड़ेआमाबाल एक शिक्षक,प्राशा. मावलीगुड़ा एक शिक्षक, प्राशा. सरगीगुड़ा राजपुर एक शिक्षक,माशा. छोटे आमाबाल एक शिक्षक, प्राशा. मांझीपारा कावड़गांव एक शिक्षक, माशा. कावड़गांव एक शिक्षक, माशा.मांझीपारा कावड़गांव तीन शिक्षक निरिक्षण में अनुपस्थित पाये गये। शालाओं में देर से आने वाले शिक्षक और अनुपस्थित शिक्षकों की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी को दी गई। समन्वयकों द्वारा शालाओं में कई बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। जिसमें शालाओं की साफ सफाई ,शौचालय की साफ सफाई, मध्यान भोजन की गुणवत्ता, शिक्षा का स्तर, स्कूलों में प्रिंट रीच वातावरण, बहु भाषा शिक्षण के अंतर्गत अध्यापन कार्य,पोषण वाटिका का निर्माण शिक्षक डायरी आदि बिंदुओं पर निरीक्षण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा अनुपस्थित शिक्षकों और अवकाश लिए शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर उचित कार्रवाई के साथ साथ एक दिन का वेतन कटौती भी की जा सकती है। शालाओं का औचक निरीक्षण लगातार सभी संकुलों में जारी रहेगा जिससे सभी शालाओं मे शिक्षा के स्तर मे सुधार होगा।

**निरीक्षण जारी रहेगा**

शालाओं का औचक निरीक्षण सभी स्कूलों में जारी रहेगा। जिससे सभी शालाओं में शिक्षा का स्तर सुधार होगा। अनुपस्थित शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

-लोकनाथ नाग
विकासखंड शिक्षा अधिकारी बस्तर

# राज गौरी गौरा का रात में हुआ धूमधाम से विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



शनिवार रात को राज गौरी गौरा विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। गाजे बाजे के साथ गौरा विसर्जन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

शनिवार को गोवर्धन पूजा के बाद विभिन्न वार्डों से राज गौरी गौरा का विसर्जन हुआ। नंदीचौक जालमपुर निवासी मोहित देवांगन, किशन साहू ने बताया कि वार्डों में स्थापित गौरी गौरा का विसर्जन गोवर्धन पूजा के पहले हो जाती है, लेकिन राज गौरी गौरा का विसर्जन गोवर्धन पूजा के बाद होती है। जालमपुर वार्ड स्थित कठौली तालाब में कुम्हारपारा, जालमपुर, बांसपारा, रामपुर, गोकुलपुर वार्ड से राज गौरी गौरा विसर्जन के लिए पहुंचते हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग बाजे गाजे के साथ गौरी गौरा की अगुवाई करते हैं। इस दौरान आतिशबाजी अखाड़ा लोगों को खूब आकर्षित करते हैं। राज गौरी गौरा विसर्जन की सालो पुरानी परम्परा चली आ रही है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनात रही। इसी तरह बनिया तालाब में सिहावा चौक, मकेश्वर वार्ड, स्टेशनपारा, बनियापारा से राज गौरी गौरा का विसर्जन किया गया।

# गंगरेल मड़ई 8 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



अंचल में प्रसिद्ध मां अंगारमोती माता गंगरेल का मड़ई 8 नवंबर शुक्रवार को होगा। आयोजक समिति ने मडई मेला की तैयारी शुरु कर दी है। ज्ञात हो कि इस मड़ई का इंतजार सैकड़ों लोगों को बेसब्री से रहता है। इस दिन संतान प्राप्ति सहित मनोकामना पूर्ति के लिए परण पड़ने की परम्परा आदिकाल से चली आ रही है।

गंगरेल स्थित मां अंगारमोती माता के पुजारी ईश्वर नेताम ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार दीपावली के बाद आने वाले शुक्रवार को गंगरेल मड़ई का आयोजन किया जा जाता है। जिसमें 54 गांव के देवी देवताओं को आमंत्रण दिया गया है। कांकेर-केशकाल के आंगा देवता सहित एतराब के अनेक देव विग्रह माता के मड़ई में शामिल होंगे। उन्होंने बताया मडई को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। दूर दराज से महिला पुरूष अपनी मनोकामना को लेकर इस अवसर का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

***संतान प्राप्ति का मिलता है आशीर्वाद:*** मां अंगारमोती के मड़ई में अंचल की संस्कृति एवं परम्परा का अद्भुत संगम होता है। आसपास के 54 गांवों से देवी देवता सहित देव विग्रहों का आगमन होता है।




## खबर संक्षेप



### महर्षि वाल्मीकि पीजी कॉलेज में आज जनजाति गौरव कार्यशाला

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि पीजी महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में जनजाति समाज का 5 नवंबर को गौरवशाली अतीत याने ऐतिहासिक, सामाजिक एवं अध्यात्मिक योगदान के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला सतीश लाटिया, कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डा. रश्मि सिंह, मुख्यवक्ता सामाजिक कार्यकर्त्ता सतीश गोकुल पंडा, विशेष अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह व सरपंच ग्राम पंचायत कराठी चेतन मरकाम शामिल होंगे। इसके पूर्व 4 नवम्बर को जनजाति समाज के वीरों का, जनजाति संस्कृति का महाविद्यालीन छात्र-छात्राओं द्वारा पोस्टर व आकर्षक रंगोली बनाकर कालेज को सजाया गया। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक कमल किशोर प्रधान एवं सहसंयोजक सुषमा चालकी द्वारा दी गई।

### ट्रक-स्कार्पियो में टक्कर, चालक की उपचार के दौरान मौत

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 63 स्थित रायकोट के करीब ट्रक व स्कार्पियो के बीच आज टक्कर हो गई। टक्कर मे। गंभीर रूप से घायल स्कार्पियो चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। दंतेवाड़ा निवासी वाहन चालक के शव को सोमवार पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मामला कोड़ेनार थाना क्षेत्र के रायकोट का है, दो दिन पूर्व दंतेवाड़ा से जगदलपुर की ओर आ रही स्कार्पियो क्रमांक सीजी 18 एल 6954 की टक्कर तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 17 केआर 1615 के चालक ने अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे से हो गई। हादसे में स्कार्पियो चालक दंतेवाड़ा डेगलरास निवासी राजेश नाग गंभीर रूप से घायल हो गया। कोड़ेनार पुलिस द्वारा तत्काल घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां रविवार शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। सोमवार को उसके शव को पीएम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

## निधन

### नरशु पाड़े

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम कोड़ेकुर्से निवासी 41 वर्षीय नरशु पाड़े का आकस्मिक निधन 4 नवंबर को हो गया। वे चित्रकला व मूर्तिकला के धनी थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, जिसमें रिश्तेदार व ग्रामीण शामिल हुए।



### लूट की घटना अंजाम देने वाला किया गया गिरफ्तार

**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ठाकुर रोड स्थित इलेक्ट्रानिक दुकान से ब्लूटूथ ट्राली स्पीकर लूटकर ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जमानत मिल गई है। थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह ने बताया कि मामले कि रिपोर्ट प्रार्थी दीपक सिंह निवासी दीनदयाल वार्ड राउतपारा ने दर्ज कराते हुए बताया कि वह कमल खुराना के इलेक्ट्रानिक दुकान में सामान रिपेंरिग का काम करता है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

## आयोजन : हानपतरी में गांव गौरव सम्मान कार्यक्रम

# प्रतिभावान बच्चे व किसानों का सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिखा कौशल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

शासकीय सेवकों द्वारा ग्रामवासियों के मार्गदर्शन में गांव के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व वरिष्ठ जनों का सम्मान गांव गौरव सम्मान कार्यक्रम ग्राम हानपतरी में किया गया। कार्यक्रम में बोर्ड कक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा कृषि, व्यवसाय व कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर गांव का नाम रोशन करने वालों का सम्मान किया जाता है, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हो सकें। छोटे बच्चों में मंचीय भय को दूर करने के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम रखकर उन्हें प्रोत्साहित किया जाता है।

गांव के बुजुर्ग रौनू मंडावी तथा सोनाय नरेटी का तथा कक्षा पांचवीं में उच्च अंक प्राप्त करने वाले टिकेश्वर नरेटी, 8वीं में उच्च अंक पाने वाले धीरज गावड़े, 10 कक्षा में टीकम नरेटी, कक्षा 12 वीं में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले रोहित गावड़े को सम्मान दिया गया। इनके अलावा कृषि के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले किसान प्रभूराम गावड़े और व्यवसाय के क्षेत्र में कार्य करने वाली सोहन्तीन कोमरा व कला के क्षेत्र में जेमलाल बघेल को मोमेंटो व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। आने वाले वर्ष में 12 वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की गई है।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान बिसू नरेटी, सामसिंह नरेटी, धरमसिंह नरेटी, बिसोन नरेटी, सरीद नरेटी, गायत्री गावड़े, धनाजू नरेटी, ललित नरेटी,लखन गावड़े, सविता गावड़े, संजय गावड़े, रतन नरेटी, सतीश गावड़े, रामसाय गावड़े, केजू नरेटी, पवन मंडावी, सोनसिंह धुरवा, मुंगोतीन गावड़े, अर्जून यादव, प्यारेलाल बघेल, सुनती गावड़े, गांडाराय कोमरा, बृजबत्ती यादव, मंगनी नरेटी, जोतसाय नरेटी, हरेश रावटे, राजकुमार नरेटी, शनिराम नरेटी, रतेश मंडावी, हनेश नरेटी, अशोक नरेटी, योगिता गावड़े उपस्थित रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन की प्रभावशीलता पर सवाल

# गंवरसिल्लि में सामुदायिक शौचालय हो रहे बेकार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- गंदगी और अव्यवस्था के कारण लोग नहीं कर रहे उपयोग

नरहरपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंवरसिल्लि में सामुदायिक शौचालयों की बदतर स्थिति ने स्वच्छ भारत मिशन की सफलता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। लाखों रुपए की लागत से बनाए गए ये शौचालय अब बेकार पड़े हैं, जिससे मोहल्लावासी खुले में शौच करने के लिए विवश हैं। गंवरसिल्लि के स्थानीय निवासियों का कहना है कि शौचालय में गंदगी और अव्यवस्था इतनी अधिक है कि कोई भी उसका उपयोग करने से कतराता है। महिला शौचालय में तो ताला बंद रहता है, जिससे लघुशंका या शौच के लिए उन्हें दूसरे स्थानों पर जाना पड़ता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। गंवरसिल्लि में निर्मित सामुदायिक शौचालय की स्थिति और भी गंभीर है और न पानी की व्यवस्था है, जिससे साफ-सफाई की कोई उम्मीद नहीं है। गंदगी का अंबार लगा होने के कारण यह शौचालय उपयोग के लायक नहीं रह गया है। इस परिस्थिति ने साफ-सफाई के प्रति जागरूकता और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। यदि स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य सही मायने में पूर्ण होना है, तो जरूरी है कि ऐसे अव्यवस्थित और बेकार शौचालयों को शीघ्र सुधार किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को स्वच्छता और स्वास्थ्य का लाभ मिल सके।

# युवक की पिटाई करने वाले दो युवकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- विवाद के दौरान सोने की चेन भी गुमी



पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 21 में माता दर्शन करने जा रहें युवक के साथ कुछ लोगों ने मिलकर पिटाई कर दी। मारपीट से युवक की सोने की चेन गुम हो गई और चोटें आईं है। मारपीट को देख युवक की पत्नी बीच बचाव करने गई तो उसको धक्का दे दिया गया। पीड़ित के पत्नी ने थाना में मारपीट करने की शिकायत किया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंची ग्राम पीव्ही 133 अवधपुर निवासी जयश्री दास पति केशव दास ने पुलिस को बताया कि 2 नवंबर को पति के साथ उनके दोस्त पीव्ही 21 निवासी प्रभाकर मंडल के साथ मां काली पूजा स्थल में मां का दर्शन करने करीबन 11 बजे मंदिर जा रही थी। ग्राम पीव्ही 21 में रास्ते में एक स्कूटी सवार सामने में गिर गया। तब बोली कि भीड़ में कैसे गाड़ी चला रहे हो। ऐसा बोलकर वह मंडप की ओर जाने लगी, इसी बात को लेकर गांव का राजू उर्फ साहेब पिता लक्ष्मण दास ने मेरे व मेरे पति को रोककर मेरे पति केशव दास का कालर पकड़ा और धर्मा मिस्त्री पिता सुधांसु मिस्त्री ने मेरे पति को गाली देने लगा। बीच बचाव करने गई तो मुझे धक्का दे दिया। मेरे पति ने सोने का चैन पहना था जो मारपीट के दौरान कहीं गिर गया है। मारपीट से मेरे पति के बाएं हाथ, सिर, नाक तथा बांए पैर में चोट आया है। मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।



## लेम्पस कर्मचारी गए हड़ताल में, कैसे होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

15 नवंबर से राज्य सरकार ने धान खरीदी शुरू करने का ऐलान किया है और इस बीच सहकारी कर्मचारी महासंघ अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं जिसके कारण कई प्रकार की समस्या किसानों को हो सकता है। धान खरीदी कार्य प्रभावित होने की संभावना बनी है। 3 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होने पर 4 नवंबर से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन रायपुर में प्रारंभ हो गया है। सहकारी समिति कर्मचारी से जुड़े पदाधिकारी व सदस्यों का कहना है कि सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ के अनुसार मध्य प्रदेश सरकार के तर्ज पर छग सरकार द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधायें लाभ देने के लिए प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रूपये प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेशित किया जाए।

# बस स्टैंड के पास हुड़दंग करके मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- आरोपियों को भेजा गया जेल




चारामा के बस स्टैंड में रात को युवक के साथ मारपीट कर हुड़दंग करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा और जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार 3 नवंबर को नाकापारा चारामा निवासी जितेन्द्र कुमार देवांगन चारामा थाना में शिकायत किया था कि करीबन 1 वर्ष पहले बस्ती के दोस्त लोगों के साथ में रहे थे। चुकेश उनके साथ भी दोस्ती रखता था। चुकेश यादव को उनके पास जाने से मना किए थे, उसी बात को लेकर चंदन ने मासूम तिवारी से लड़ाई झगड़ा किया था। उसी बात को लेकर आरोपियों ने रंजिश बनाकर रखा था। 3 नवंबर की रात 9 से 10 बजे बहन के घर जाने के लिए बस स्टैण्ड आकर बस में चढ़ रहा था। उसी दौरान चंदन देवांगन और उसका साथी अचानक बस स्टैण्ड में आकर कालर पकड़कर बस के गेट से नीचे उतार दिया और मारपीट करने लगा। आसपास के लोगों के द्वारा बीच बचाव किया गया था। चारामा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बस स्टैण्ड में हुडदंग करने वाले आरोपी नाकापारा चारामा निवासी 21 वर्षीय चन्द्रप्रकाश देवांगन पिता शंकर और 20 वर्षीय अमन नाग पिता संतोष नाग का पता तलाश कर पकड़ा। पूछताछ करने पर बताया कि पुरानी बातों को लेकर मन मुटाव बना हुआ था। अकेला बस में जाते देख मौका पाकर धक्का मुक्की झगड़ा विवाद करने का बात स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर गिरफ्तार कर एसडीएम कार्यालय चारामा के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

# महापौर निधि का दुरुपयोग पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में उपनेता प्रतिपक्ष राजेश राय की उपस्थिति में पदाधिकारी व पार्षदों ने महापौर सफिरा साहू द्वारा अपने पद का दुरुपयोग व महापौर निधि में किए भ्रष्टाचार की जांच कर एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद प्रतिलिपि बोधघाट थाना में दी गई। शहर अध्यक्ष श्री मौर्य ने बताया कि पार्षद राजेश राय द्वारा अम्बेडकर वार्ड में एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण किया गया है। अम्बेडकर वार्ड 29 में स्थित सामुदायिक भवन का मरम्मत एवं संधारण का कार्य किया गया है। सूक्ष्मता से जांच करने पर मौके पर उक्त वार्ड में अतिरिक्त कक्ष बनाये जाने जैसी कोई स्थिति है ही नहीं। ठीक इसी प्रकार अम्बेडकर वार्ड में स्थित सामुदायिक भवन का मरम्मत एवं संधारण कार्य करना बताया गया है। उल्लेखनीय है कि अम्बेडकर वार्ड में किसी प्रकार का कोई सामुदायिक भवन स्थित नहीं है। उल्लेखनीय है कि, राजेश राय द्वारा सूचना के अधिकार के माध्यम से नगर पालिक निगम की पंजी की सत्यप्रतिलिपि भी प्राप्त की है, जिसमें 2019 से लेकर 2024 तक के निगम के द्वारा किये गये कार्यों के भुगतान की जानकारी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान निगम अध्यक्ष कविता साहू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, पार्षदगण पंचराज सिंह, सुशीला बघेल, कोमल सेना,ललिता राव,शुभम यदु,कमलेश पाठक,दीपा नाग,विजय बढ़ाई, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश नाग, महामंत्री ज़ाहिद हुसैन,अवधेश झा,संकल्प दुबे,महेश द्विवेदी, अनुराग महतो,मोइन खान,सुषमा सुता,विक्रांत सिंह,संदीप दास,उस्मान रज़ा,साइमा अशरफ,एस नीला,सलीम जाफ़र अली, मनीता राउत आदि मौजूद रहे। श्री मौर्य ने कहा यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि उक्त कार्य के लिए स्वीकृत राशि तथा कार्य की मूल्य राशि 198032 रूपये है।

# जगदलपुर से दिल्ली तक अमृत भारत ट्रेन चलाने संसद में रखूंगा प्रश्न : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- दल्ली राजहरा जगदलपुर रेल लाइन का निर्माण अगले वर्ष प्रारंभ होगा




छत्तीसगढ़ 25 वां राज्योत्सव मना रहा है, वहीं बड़े ही दुख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को रखना मेरी विवशता है। प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्तपन्न हो रही है,उसकी जड़ में कांग्रेस है। कांग्रेस जान बूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है,षड्यंत्र रचती है, फिर सरकार को घेरने उनके बड़े नेता लग जाते है। आने वाले दिनों में होने वाले मानसून सत्र में जगदलपुर से दिल्ली के बीच साप्ताहिकी ट्रेन अमृत भारत का परिचालन हो संसद में अपनी बात प्रश्काल में रखूंगा। अगले साल तक दल्ली राजहरा-से जगदलपुर तक रेल लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ हो जाएगा, यह विश्वास दिलाना चाहता हूं। यह बातें सांसद महेश कश्यप ने कही। भाजपा कार्यालय में सोमवार को पत्रवार्ता में उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाये रखने कटिबद्ध है, कांग्रेस अपने काले कारनामों से बाज आये। दामाखेड़ा, बलौदाबाजार, सूरजपुर, लोहारीडीह कांड जैसी गंभीर घटनाओं के पीछे कांग्रेस का हाथ है, हर घटना के पीछे कांग्रेस के कार्यकर्ता ही निकल रहे हैं। हमारा यह आरोप है कि कांग्रेस जान बूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता के प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है। प्रदेशवासियों ने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ अनेक कांग्रेसी जेल में बंद हैं। पत्रवार्ता के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, वेदप्रकाश पाण्डेय, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आर्येन्द्र आर्य, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, प्रकाश रावल, रोहित त्रिवेदी, आनंद झा आदि उपस्थित थे।

### आचार्य के निवास पर हमले की निंदा

सांसद कश्यप ने कहा कि दामाखेड़ा के कबीरपंथ के आचार्य के निवास में हुए हमले की भाजपा घोर भर्त्सना करती हैं। इसके पीछे के षड्यंत्र का पता लगा कर दोषियों को चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो, सलाख़ों के पीछे भिजवाये बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी।

## उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में हो जांचः सावित्री

# बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




बलरामपुर की घटना को लेकर कांग्रेस ने जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन किया। धरना- प्रदर्शन में जिलेभर के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं संगठन के पदाधिकारियों ने सरकार को कोसते हुए नारेबाजी किया।

भानुप्रतापपुर विधानसभा की विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बलरामपुर में युवक गुरुचरण मंडल की मौत पुलिस की पिटाई से हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि किसी भी व्यक्ति को पुलिस 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं रख सकती। मृतक के पिता तथा एक अन्य को चार दिनों तक थाने में हिरासत में क्यों रखा गया? 24 घंटे के भीतर कोर्ट में क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया? मृतक के शरीर का पंचनामा परिजनों व परिचितों के सामने क्यों नहीं किया गया? उनकी मांग है कि इस मामले की जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में हो। दोषियों पर कार्रवाई हो। विधायक ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमरा गई है, लगातार हो रही हत्याएं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए।

### ये रहे उपस्थित

*कांग्रेस की जिलाध्यक्ष सुभद्रा सलाम, ब्लाकअध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव,जनक नन्दन कश्यप, सुनील पाढ़ी, मुकेश ठक्कर, किशोर मरकाम अध्यक्ष आमाबेड़ा, श्रवण यादव अध्यक्ष कोयलीबेड़ा, इंद्रजीत विश्वास अध्यक्ष पखांजुर, जितेंद्र बेंजामिन अध्यक्ष सेवादल, अकरम कुरैशी जोन अध्यक्ष कोरर, गणेश सोनी, विजय धामेचा, तुला साहू, गुरदीप सिंह ढींढसा, हितेश तिवारी,गोपाल राठी, भगवती गजेंद्र, सीमा सेनगुप्ता, किरण डोंगरे, शीतल कुलदीप पार्षद रायपुर, गोमती सलाम, रवि दुग्गा, संजू नेताम, फुरकान अहमद, विक्की पांडे व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

